# महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
## MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY
**NAACA++ Accredited: ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified**

पत्रांकः–रू0वि0 / रासेयो / 2024 /

दिनांकः–14.10.2024

सेवा में,

1.समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय परिसर, बरेली।
2.समस्त प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक / प्रबन्धक / सचिव,
समस्त सम्बद्ध–राजकीय / संघटक / अनुदानित / स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

**विषयः–प्रख्यात महिला नेत्री स्व0 कमला बहुगुणा जी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलब्ध में आयोजित वाद–विवाद प्रतियोगिता "क्या भारत में महिलाओं को आरक्षण देने से वास्तविक समानता हासिल की जा सकती है? (Can Reservation for Women in India Truly Achieve Gender Equality?)" के आयोजन के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक संलग्न पत्र का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके अनुसार प्रख्यात महिला नेत्री स्व0 कमला बहुगुणा जी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय हेमवती नन्दन बहुगुणा जोशी, स्मृति समिति प्रयागराज द्वारा प्रायोजित एवं महात्मा ज्योबिता फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली में अन्तरमहाविद्यालयी वाद–विवाद प्रतियोगिता" क्या भारत में महिलाओं को आरक्षण देने से वास्तविक समानता हासिल की जा सकती है" **(Can Reservation for Women in India Truly Achieve Gender Equality?)"** विषय पर **दिनांक 22.10.2024** को विश्वविद्यालय परिसर के एम0बी0ए0 सभागार में प्रातः 10 बजे से आयोजित की जा रही है।

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने–अपने महाविद्यालय के चयनित 02 छात्र 02 छात्राओं (कुल 04) को उक्त प्रतियोगिता में सहभागिता कराना सुनिश्चित करें। प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु गूगल फार्म (लिंक https://forms.gle/pvb8XHHBBGFWc4nq8) पर निःशुल्क पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें।

**संलग्नकः उक्तवत्**

भवदीय

14/10/2024

प्रो0 सोमपाल सिंह
कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचानार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव के संज्ञानार्थ।
3. वित अधिकारी।
4. परीक्षा नियन्त्रक।
5. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण / चीफ प्राक्टर / क्रीड़ा सचिव / समस्त वार्डन।
6. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली–मुरादाबाद परिक्षेत्र, बरेली।
7. समन्वयक, विश्वविद्यालय सांस्कृतिक केन्द्र।
8. कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, विश्वविद्यालय परिसर, बरेली।
9. मीडिया प्रभारी।
10. उप–कुलसचिव (प्रशासन / सम्बद्धता)
11. उप–कुलसचिव (परीक्षा / गोपनीय)
12. अवर अभियन्ता (विधुत)
13. प्रभारी एम0बी0ए0 सभागार।
14. बेवसाइट प्रभारी को वेबसाइड पर अपलोड करने हेतु।

डॉ0 ज्योति पाण्डेय
समन्वयक
विश्वविद्यालय सांस्कृतिक केन्द्र

**अखिल भारतीय हेमवती नन्दन बहुगुणा स्मृति समिति**

20, मिन्टो रोड, प्रयागराज (इलाहाबाद), उ0प्र0 – 211001

फोन : 0522-2266666, मो0 9839880044

22 Oct. 2024

**प्रो0 रीता बहुगुणा जोशी**

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

पूर्व कैबिनेट मंत्री, उ0प्र0

पूर्व सांसद, इलाहाबाद (प्रयागराज) उ0प्र0

Prof. Som Pal Singh Conv.
Dr. Jyoti Pandey – Co-Conv.
06.10.24

दिनांक : 25.09.2024

**विषय :** प्रख्यात महिला नेत्री स्व0 कमला बहुगुणा जी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित वाद–विवाद प्रतियोगिता "क्या भारत में महिलाओं को आरक्षण देने से वास्तविक समानता हासिल की जा सकती है ?(Can Reservation for Women in India Truly Achieve Gender Equality ?)" के आयोजन के सम्बंध में।

प्रिय प्रो. के.पी.सिंह,

स्व0 कमला बहुगुणा का जन्म 30 दिसम्बर 1924 को प्रयागराज में हुआ था। वे एक विदुशी महिला थी जिन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में बढ़ चढ़कर भाग लिया था। वे "बानर सेना" की सदस्य थी व इलाहाबाद विश्वविद्यालय की छात्रा होते हुए उन्होंने 1942 के "भारत छोडो" आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई थी।

स्वतंत्र भारत में उन्होने ग्रामीण क्षेत्रों के विकास, श्रमिकों, शोषित व वंचित लोगों के उत्थान हेतु निरन्तर कार्य किया। स्व0 कमला बहुगुणा, उत्तर प्रदेश जिला परिषद में निर्वाचित होने वाली प्रथम महिला अध्यक्ष थी। स्व0 कमला बहुगुणा 10 वर्षो तक (1962–1972) इलाहाबाद कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष रही व फूलपुर लोकसभा से सांसद भी रही। कमला बहुगुणा महिला सशक्तिकरण आदोलन का एक प्रमुख चेहरा थी।

स्व0 कमला बहुगुणा के जन्म शताब्दी वर्ष मे हेमवती नन्दन बहुगुणा स्मृति समिति महिला सशक्तिकरण के अनेको कार्यक्रम अयोजित करेगी। 40 विश्वविद्यालयों व उच्च शिक्षण संस्थानओं मे निम्न विपय पर वाद विवाद प्रतियोगिता अयोजित की जायेगी –

**"क्या भारत में महिलाओं को आरक्षण देने से वास्तविक समानता हासिल की जा सकती है ?"**

**"Can Reservation for Women in India Truly Achieve Gender Equality ?"**

15 – 30 अक्टूबर 2024 के बीच एक वाद विवाद प्रतियोगिता (समय सीमा 4 + 1 मिनट) का आयोजन किया जा रहा हैं। प्रतियोगिता का फाइनल लखनऊ मे नवम्बर के प्रथम सप्ताह में आयोजित होगा।



# अखिल भारतीय हेमवती नन्दन बहुगुणा स्मृति समिति

20, मिन्टो रोड, प्रयागराज (इलाहाबाद), उ0प्र0 – 211001
फोन : 0522-2266666, मो0 9839880044

**प्रो0 रीता बहुगुणा जोशी**
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
पूर्व कैबिनेट मंत्री, उ0प्र0
पूर्व सांसद, इलाहाबाद (प्रयागराज) उ0प्र0

हमारा निवेदन है कि आपके संस्थान में इस प्रतियोगिता के आयोजन हेतु 15 – 30 अक्टूबर 2024 के बीच आपके सुविधानुसार कोई भी तिथि निर्धारित कर दें तथा इच्छुक छात्र व छात्राओ का पंजीकरण करवाने हेतु अपने संस्थान से किसी समन्वयक (Coordinator) को अधीकृत करने का कष्ट करें।

हमारी संस्था की ओर से एक समन्वयक मेरे पत्र के साथ आपसे सम्पर्क करेंगे। प्रतियोगिता दो चरणों मे होंगी – प्रथम चरण आपके संस्थान में आयोजित होगा जिसमें प्रथम विजेता को दूसरे चरण फाइनल में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा जिसका अयोजन लखनऊ में 02 दिसम्बर 2024 को होगा।

विजेताओं के पुरस्कार निम्न होंगे :

प्रथम चरण के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता को सर्टिफिकेट प्रदान किया जायेगा।

द्वितीय चरण (फाइनल) के विजेताओं को निम्न पुरस्कार दिया जायेगा

| | | |
|---|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | – | रू0 51,000/– व ट्राफी |
| द्वितीय पुरस्कार | – | रू0 31,000/– व ट्राफी |
| तृतीय पुरस्कार | – | रू0 21,000/– व ट्राफी |

व फाइनल में सभी प्रतिभागियों को रू0 2,100/– व ट्राफी संतावना पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जायेंगी।

धन्यवाद।

भवदीय

(प्रो0 रीता बहुगुणा जोशी)

प्रो0 के0 पी0 सिंह
कुलपति
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय
बरेली

प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु गूगल फार्म (लिंक https://forms.gle/pvb8XHHBBGFWc4nq8) पर निःशुल्क पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें।